कार्यकारी परिषद की दिनांक 28 जून 2014 को 9:00 बजे पूर्वाहन कंचनजंघा प्रबंधन खंड, सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक में आयोजित 20वीं बैठक के कार्यवृत्त

निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थे :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्रो टी.बी.सुब्बा** | - | **अध्यक्ष** |
| 2. | **श्री सोनाम बांगडी** | - | **सदस्य** |
| 3. | **प्रो0 एस.सी.सिंह** | - | **सदस्य** |
| 4. | **डा0 (श्रीमती) किरण दत्तार** | - | **सदस्य** |
| 5. | **प्रो0 अशुम गुप्ता** | - | **सदस्य** |
| 6. | **प्रो0 अतुल शर्मा** | - | **सदस्य** |
| 7. | **डा0 आर आर राव** | - | **सदस्य** |
| 8. | **डा0 धनीराज छेत्री** | - | **सदस्य** |
| 9. | **प्रो0 जे □ी तामांग** | - | **सदस्य** |
| 10. | **प्रो0 प्रता□ चंद्र प्रधान** | - | **सदस्य** |
| 11. | **डा0 सोहेल फिरदौस** | - | **सदस्य** |
| 12. | **डा0 सुबीर मुखो□ाध्याय** | - | **सदस्य** |
| 13. | **प्रो0 इर्साद गुलाम अहमद** | - | **सदस्य** |
| 14. | **डा0 नवल किशोर □ासवान** | - | **सदस्य** |
| 15. | **श्री डी कानुनज्ञ** | - | **आमंत्रित सदस्य** |
| 16. | **श्री टी.के कॉल** | - | **सचिव** |

डा0 थामस चंडी, सचिव, एच आर डी डी का प्रतिनिधित्व श्रीमती दीपा बस्नेत, निदेशक (उच्चतर शिक्षा) एच आर डी डी सिक्किम सरकार द्वारा किया गया ।

निम्नलिखित सदस्यों से खेद पत्र प्राप्त हुए:

1. **प्रो0 ए.एन.राई**
2. **प्रो0 वी एसप्रसाद**

अध्यक्ष ने कार्यकारी परिषद के सभी सदस्यों का स्वागत किया । उन्होंने विशेषकर प्रो0 इर्साद गुलाम अहमद का स्वागत किया, जो कि बैठक में प्रथम बार डीन के अतिरिक्त वरिष्ठतम प्रोफेसर के रूप में उपस्थित हुए थे । तत्पश्चात, कार्यसूची मदों पर चर्चा आरंभ की गई ।

**भाग - 1**

**कार्यवृत्त एवं अनुवर्ती कार्रवाई रि□ोर्ट की □ुष्टि**

**ई.सी. 20.1.1: कार्यकारी □रिषद की दिनांक 31 मार्च 2014 को आयोजित 19वीं बैठक के कार्यवृत्त की □ुष्टि**

कार्यकारी परिषद की 19वीं बैठक दिनांक **31 मार्च 2014 को आयोजित की गई थी, जिनके** कार्यवृत्त को दिनांक 22 अप्रैल 2014 को सभी सदसयों के बीच परिचालित किया गया था। परिषद के किसी भी सदस्य से कोई अभ्युक्ति प्राप्त नहीं हुई थी । अध्यक्ष ने बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु प्रस्ताव रखा ।

कार्यकारी परिषद की **31 मार्च 2014** को आयोजित 19 वीं बैठक के कार्यवृत्त के तत्पश्चात पुष्टि कर ली गई ।

**ई.सी. 20.1.2: कार्यकारी □रिषद की दिनांक 31 मार्च 2014 को आयोजित 19 वीं बैठक के कार्यवृत्त □र अनुवर्ती कार्रवाई रि□ोर्ट**

रजिस्ट्रार ने कार्यसूची कागजातों के अनुलग्नक 2 में यथा प्रदत्त अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत किया । नव भर्ती किए गए संकाय सदस्यों की कार्यभार ग्रहण रिपोर्ट की एक अद्यतन सूची परिचालित की गई थी । परिषद ने अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट को नोट किया ।

**भाग -2**

**रि□र्टिंग मदें**

**ई.सी. 20.2.1: नियुक्तियों के प्रस्ताव का रद्दीकरण**

**(क) डा0 सेलिना था□ा का ओ बी सी श्रेणी के अंतर्गत चयन का रद्दीकरण**

अध्यक्ष ने सूचित किया कि डा0 सेलिना थापा को इतिहास विभाग में ओ बी सी के अंतर्गत सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव जारी नहीं किया गया था (दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान यह पाया गया था कि डा0 थापा द्वारा प्रस्तुत ओ बी सी प्रमाण पत्र की वैधता मात्र पश्चिम बंगाल राज्य के क्षेत्राधीन है, तथा यह ओ बी सी की केंद्रीय सूची के अंतर्गत नहीं आता है । परिषद ने सलाह दिया कि स्क्रीनिंग एवं अंर्तवार्ता के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के उचित सत्यापन पर ध्यान दिया जाना चाहिए । डा0 सेलिना थापा के चयन के रद्दीकरण के साथ पद रिक्त हो गया है, तथा इसको पूनर्विज्ञापित किया जाएगा ।

**(ख) डा0 हरप्रीत कौर के संबंध में प्रोफेसर के □द हेतु नियुक्ति के प्रस्ताव का रद्दीकरण**

डा0 हरप्रीत कौर ने अपने दिनांक 29.05.2014 के ईमेल में वैयक्तिक कारणों से सिक्किम विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है । विश्वविद्यालय ने उनके निर्णय को स्वीकार किया है तथा बाद में नियुक्ति के प्रस्ताव को रद्द किया है । चूंकि पैनल में कोई भी प्रतीक्षासूची में नहीं है, अत: इस पद को रिक्त के रूप में चिह्नित किया है, तथा पुनर्विज्ञापित किया जाएगा ।

**(ग) सुश्री तेन्जिंग छोडेन भुटिया के सहायक के □द हेतु नियुक्ति के प्रस्ताव का रद्दीकरण**

सहायक के पद हेतु दो अभ्यर्थियों को नियुक्ति का प्रस्ताव जारी किया गया था । श्रीमती प्रभा मुखिया ने दिनांक 23.04.2014 को अपना कार्यभार ग्रहण किया । यद्यपि सुश्री तेंजिंग छोडेन भुटिया ने दिनांक 03.06.2014 को ईमेल भेजा है, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थता व्यक्त की है । विश्वविद्यालय ने उनके निर्णय को स्वीकार किया है, तथा बाद में उनके नियुक्ति के प्रस्ताव को रद्द किया है । चूंकि पैन में एक प्रतीक्षा सूची विद्यमान है, अत: परिषद ने सहायक के पद हेतु अगले व्यक्ति, सुश्री रेणुका छेत्री (सहाकय/163) को अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत नियुक्ति का प्रस्ताव जारी करने का अनुमोदन किया ।

**(घ) डा0 वी.रामादेवी के वाणिज्य विभाग में सहायक प्रोफेसर के □द □र नियुक्ति हेतु प्रस्ताव का रद्दीकरण**

डा0 वी रामादेवी का वाणिज्य साथ ही प्रबंधन विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में चयन किया गया था, परंतु उन्होंने प्रबंधन विभाग में कार्यभार ग्रहण करने का निर्णय लिया। उनके प्रबंधन विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के परिणामस्वरूप, वाणिज्य के सहायक प्रोफेसर के रूप में उन्हें दिया गया प्रस्ताव रद्द किया जाता है तथा इस पद का पुनर्विज्ञापन किया जाएगा ।

**टेबल मदें**

**ई.सी. 20.2.1: न्यायालय मामलें**

परिषद का सूचित किया गया कि दिनांक 17 मार्च 2013 को आयोजित 16वीं बैठक में विश्वविद्यालय से संबंधित निम्नलिखित तीन मामलों की रिपोर्ट की गई थी, जो कि सिक्किम के उच्च न्यायालय में लंबित हैं:

1. राजेन्द्र प्रसाद बनाम सिक्किम विश्वविद्यालय
2. रावंगला आस्था संगठन बनाम सिक्किम विश्वविद्यालय

3. सिक्किम विश्वविद्यालय बनाम सिक्किम राज्य मानवाधिकार आयोग

इसके बाद से एक और मामला, श्री प्रदीप कुमार राई एवं अन्य बनाम सिक्किम राज्य एवं अन्य (सिक्किम विश्वविद्यालय सहित) दर्ज किया गया था । यह मामला सिक्किम सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित है । इस मामले में दिनांक 20 जून 2014 को विवेचना के दौरान अभियोजनकर्ता (प्रदीप कुमार राई एवं अन्य) के वकील द्वारा निवेदन किया गया कि उन्हें भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 18 के अंतर्गत संबंधित न्यायालय में जाने के लिए रीट याचिका को वापस लेने की अनुमति प्रदान की जाए । सिक्किम के उच्च न्यायालय द्वारा इस रीट याचिका को खारिज किया गया, क्योंकि अभियोजनकर्ता के प्रति स्वतंत्रता के साथ इसे वापस लिया गया था, जैसा कि निवेदित था ।

रावंगला आस्था संगठन बनाम सिक्किम विश्वविद्यालय के मामले में, इस रीट याचिका का दिनांक 23 जून 2014 को, अभियोजनकर्ताओं को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रति सभी आवश्यक तथ्यों एवं कागजातों के साथ छ: सप्ताह की अवधि के अंतर्गत प्रतिवेदित करने की स्वाधीनता के साथ निपटाया गया । एच एच आर डी इन आरोपोंपर विचार/परीक्षा कर सकते हैं तथा यदि आवश्यक हो तथा आरोप प्रथम दृष्टया साबित होने योग्य प्रतीत होते हों, तो मामले में जांच बिठा सकते हैं तथा प्रत्यावेदन की प्राप्ति की तारीख से छ: माह की अवधि के अंतर्गत तत्कालिन कुलपति एवं तत्कालीन रजिस्ट्रार अथवा किसी अन्य अधिकारी के विरूद्ध उचित कार्यवाही प्रारंभ कर सकते हैं, जो कि दोषी पाये जाते हैं ।

भाग-3

संपुष्टि हेतु मामले

**ई.सी. 19.3.1: स्कूल बोर्डों का गठन**

परिषद न परिशिष्ट 1 में यथा प्रदत अध्ययनों के सभी स्कूलों के प्रथम स्कूल बोर्डों के गठन में कुलपति द्वारा की गई कार्रवाई की संपुष्टि की ।

भाग-4

विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ मामले

**ई.सी. 20.4.1: यू जी सी द्वारा स्वीकृत गैर शिक्षण दों का सृजन**

कुलपति ने परिषद को सूचित कियाकि यू जी सी द्वारा 12वीं योजना के अंतर्गत आवंटन में विभिन्न श्रेणियों में 73 गैर-शिक्षण पदों का अनुमोदन किया गया है । इनमें से 35 पदों का सृजन परिषद द्वारा इनकी 17वीं, 18वीं एवं 19वीं बैठकों में किया गया है । विश्वविद्यालय द्वारा हाल में 61 नए नियमित संकाय सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप संकाय संख्या बल लगभग 130 हो गया है । इनके विरूद्ध विश्वविद्यालय के पास मात्र 47 गैर शिक्षण कर्मचारीगण सभी कार्यव्यापारियों के प्रबंधन हेतु हैं । तथापि, छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है । विश्वविद्यालय के संकाय संख्याबल तथा छात्रों में अभिवृद्धि के परिणामस्वरूप वर्तमान में पदस्थापित गैर शिक्षण कर्मचारीगण अपर्याप्त सिद्ध हुए हैं, जिससे विश्वविद्यालय का दैन्दिनी कार्य के प्रचालन में अत्याधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है । चूंकि भर्ति समयसाधक कार्य है, इसलिए यदि पदों का सृजन समय से नहीं किया जाता है, तो यह 12वीं योजना अवधि के दौरान रिक्त रह जा सकती है ।

कुछ सदस्यों ने गैर शिक्षण कर्मचारियों के बीच व्यवसायिकता तथा उनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था पर बल दिया । विचार विमर्श के बाद परिषद ने निम्नलिखित विवरणानुसार शेष 38 गैर शिक्षण पदों का सृजन का अनुमोदन किया:

| क्र.स. | पद | पे बैंड | ग्रेड पे | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **अनुसचिवीय** | | | | |
| 1 | सहायक | 9300-34800 | 4200 | 1 |
| 2 | प्रवर श्रेणी लिपिक | 5200-20200 | 2400 | 1 |
| 3 | अवर श्रेणी लिपिक | 5200 | 1900 | 4 |
| 4 | एम टी एस | 5200 | 1800 | 2 |
| 5 | ड्राइवर | 5200 | 1900 | 3 |
| **सचिवीय कार्मिक** | | | | |
| 1 | वैयक्तिक सहायक | 9300-34800 | 4200 | 2 |
| **पुस्तकालय** | | | | |
| 1 | उप पुस्तकालयाध्यक्ष | 37400-67000 | 8000 | 1 |
| 2 | सूचना वैज्ञानिक | 15600-39100 | 5400 | 1 |
| **प्रयोगशाला** | | | | |
| 1 | तकनीकी सहायक | 5200-20200 | 2800 | 7 |
| 2 | प्रयोगशाला सहायक | 5200-20200 | 2000 | 3 |
| 3 | प्रयोगशाला परिचारक | 5200-20200 | 1800 | 2 |
| **स्वास्थ्य केंद्र** | | | | |
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 15600-39100 | 5400 | |
| 2 | फर्माशिष्ट | 5200-20200 | 1900 | |
| **गेस्ट हाउस/हॉस्टल** | | | | |
| 1 | जन संपर्क अधिकारी | 15600-39100 | 5400 | |
| 2 | अवर श्रेणी लिपिक | 5200-20200 | 1900 | |
| 3 | कूक | 5200-20200 | 1900 | |
| 4 | किचन परिचारक | 5200-20200 | 1800 | |
| 5 | हॉस्टल परिचारक | 5200-20200 | 1800 | |

**ई.सी. 20.4.2: शिक्षण कार्मिकों की संवीदा आधार पर नियुक्ति संवीदा में विस्तार**

परिषद ने प्रो0 अनुप के दत्ता की शांति एवं संघर्ष अध्ययन तथा प्रबंधन विभाग में संवीदा आधार पर प्रोफेसर के रूप में उन्हीं शर्तों एवं निबंधनों पर नियुक्ति का अनुमोदन किया, जैसा कि विश्वविद्यालय में अन्य प्रोफेसरों को संवीदा पर लागू हैं । परिषद ने निम्नलिखित के संवीदापरक नियुक्तियों में वर्तमान शर्तों एवं निबंधनों पर उनके विरूद्ध दर्शाई गई तारीख से एक वर्ष की अवधि हेतु विस्तार भी किया:

| क्र.सं0 | नाम एवं पदनाम | विस्तार की तारीख |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. पी.के.शर्मा, प्रोफेसर, गणित विभाग | 01/08/2014 |
| 2 | डा0 निधि बाग, सहायक प्रोफेसर, बागवानी विभाग | 01/07/2014 |
| 3 | श्रीमती परविंदर कौर, सहायक अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला | 01/07/2014 |

**ई.सी. 20.4.3: सिक्किम विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ का गठन**

कुलपति ने परिषद को सूचित किया किविश्वविद्यालय में पूर्व छात्र संघ का गठन अभी किया जाना शेष है । पूर्व छात्र संघ सामुदायिक सेवाओं के लिए अवसर प्रदान करता है, विश्वविद्यालय के लिए सद्भावना राजदूत के रूप में कार्य करता है, प्रभावकारी संवादी के रूप में सेवा देता है, विश्वविद्यालय को परामर्श एवं समर्थन प्रदान करता है अग्रणी अनुसंधान क्षेत्रों को प्रस्तावित करता है, कैरिअर परामर्श देता है, साथ ही वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

विश्वविद्यालय की सांविधि 38(1) पूर्व छात्र संघ के गठन हेतु शक्ति संपन्न करता है । पूर्व छात्र संघ हेतु एक मसौदा नियमावली तथा सहयोजना का ज्ञापन का एक मसौदा परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था । विचार विमर्श के बाद परिषद ने मसौदा विनियमावली तथा पूर्व छात्र संघ का ज्ञापन, परिशिष्ट 2 पर यथा प्रदत्त अनुमोदन किया।

**ई.सी. 20.4.4: उच्चतर अध्ययनों के लिए छुट्टी**

(क) **डा0 सुदर्शन तामंग का दो वर्षों की अवधि हेतु अतिविशेष छुट्टी हेतु आवेदन पत्र**

परिषद ने चर्चा के उपरांत डा0 सुदर्शन तामंग, सहायक प्रोफेसर, रसायन शास्त्र विभाग के प्रति कोरिया इंस्टीच्यूट ऑफ मशीनरी एंड मैटेरियल, डीजोन साउथ कोरिया में विजिटिंग स्कॉलर (पोस्ट डॉक्टोरल) का प्रस्ताव होने के लिए दो वर्षों की अवधि हेतु अति विशेष छुट्टी की स्वीकृति का अनुमोदन किया ।

(ख)श्री मनोज दास का एक वर्ष की अध्ययन छुट्टी हेतु आवेदन पत्र

परिषद ने चर्चा के उपरांत श्री मनोज दास के प्रति जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली में पत्रकारिता एवं जन संचार में अपने पी एच डी कार्यक्रम का अनुसरण करने के लिए एक वर्ष की अध्ययन छुट्टी की स्वीकृति का अनुमोदन किया ।

**टेबल मदें**

**ई.सी. 20.4.5: भर्ति एवं पदोन्नति नियमावली (गैर-शिक्षण कर्मचारीगण) 2014**

इस मद को रजिस्ट्रार ने प्रस्तुत किया । उन्होंने परिषद सदस्यों को सूचित किया कि भर्ति एवं पदोन्नति नियमावली के मसौदा में निम्नलिखित लक्षण हैं:

(i) सभी पदों को विविध कैडरों में श्रेणीकृत किया गया है, यथा -

- प्रशासनिक कैडर;
- सचिवीय कैडर;
- पुस्तकालय कैडर;
- प्रयोगशाला कैडर;
- कंप्यूटर कैडर;
- ईंजीनियरी कैडर;
- सुरक्षा सेवा कैडर;
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देखभाल कैडर;
- राजभाषा कैडर एवं
- विविध कैडर;

कुछ पृथक पदों यथा जन संपर्क अधिकारी , ड्राइवर, कुक आदि को मिसलेनियस कैडर में शामिल किया गया है ।

(ii) सीधी भरत्ति हेतु विज्ञापन का स्थापन परिभाषित किया गया है ।

(iii) सीधी भर्ति हेतु पद्धति यथा अंतवार्ता, लिखित जांच परीक्षा, लिखित जांच परीक्षा एवं अंतवार्ता; लिखित जांच परीक्षा एवं शिल्प जांच; लिखित जांच परीक्षा, शिल्प जांच एवं अंतवार्ता; के माध्यम से चयन परिभाषित किए गए हैं ।

(iv) सीधी भर्ति हेतु चयन समितियों का गठन, सीधी भर्ति एवं विभागीय पदोन्नति समितियां (डी पी सी) हेतु प्राप्त आवेदनों के लिए स्क्रीनिंग समितियों का गठन, परिभाषित किए गए हैं तथा ग्रेड पे के आधार पर श्रेणीकृत किए गए हैं ।

(v) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अब तक स्वीकृत किए गए सभी गैर शिक्षण पदों को समावेशित किया गया है ।

(vi) पदों के प्रत्येक श्रेणी हेतु भर्ति का माध्यम परिभाषित किया गया है ।

(vii) पदोन्नति हेतु योगयता मानदंड एवं पद्धति प्रत्येक पद के लिए परिभाषित किए गए हैं । जबकि, वरिष्ठ पदों के लिए वरिष्ठता सह चयन प्रस्तावित किया गया है, जिसमें चयन हेतु विधियों एवं मानदंड समग्र रूप से परिभाषित किए गए हैं । मध्य स्तरों पर पदोन्नति निम्न रूप से प्रस्तावित हैं:

- सामान्य पदोन्नति
- विभागीय प्रतियोगी परीक्षाएं

निम्न स्तरों पर पदोन्नति वरिष्ठता सह उपयुक्ता के आधार पर प्रसत्तावित हैं । परिषद ने चर्चा के उपरांत भर्ति एवं पदोन्नति नियमावली का इस शर्त पर अनुमोदन कियाकि इसे किसी एच आर विशेषज्ञ द्वारा वेटिंग करवाया जाएगा ।

**ई.सी. 20.4.6: आई सी ए आई के साथ एम ओ यू**

परिषद ने नोट किया कि भारत के चाटर्ड एकाउन्टेंट संस्थान तथा सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ प्रस्तावित मसौदा एम ओ यू बी कॉम (आनर्स) के शीर्ष छात्र हेतु एक स्वर्ण पदक दिए जाने के लिए है1 इसके लिए आई सी ए आई विश्वविद्यालय के प्रति रू0 1,25,000/- के एक कापर्स के साथ एक स्थायी निधि प्रदान करने के लिए सहमत हुआ है। परिषद ने आई सी ए आई के साथ एम ओ यू का अनुमोदन किया ।

**ई.सी. 20.4.7: शिकायत निवारण कक्ष का समिति की रि�ोर्ट**

इस मद पर चर्चा आरंभ करने के पूर्व अध्यक्ष द्वारा डा0 सोहेल फिरदौस को इस विचार विमर्श से बार रहने को कहा गया, क्योंकि इन रिपोर्टों में उनका नाम विद्यमान था । डा0 सोहेल फिरदौस ने कक्ष से बर्हिगमन किया । तत्पश्चात अध्यक्ष ने रजिस्ट्रार इस मद को प्रस्तुत करने को कहा।

रजिस्ट्रार ने श्रीमती सोमा सरकार द्वारा महिलाओं के कक्ष के प्रति कुछ छात्रों के विरूद्ध दर्ज परिवाद का संक्षिप्त विवरण दिया, जिन लोगों ने उनका एन जे पी स्टेशन पर फोटो उतारा था , जब वे डा0 सोहेल फिरदौस के साथ जर्मनी जाने के लिए विजा प्राप्त करने हेतु यात्रा पर थी । महिलाओं के कक्ष दोनों पक्षों के कई व्यक्तियों से अभिसाक्ष्य प्राप्त करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा था कि सुश्री सोमा सरकार द्वारा तथ्यों का म्थ्यिा

आरोपन किया गया था तथा उन्होंने महिला कक्ष को विभ्रमित किया था, तथा सुश्री सोमा सरकार के संबंध में कुछ अनुशंसाएं की गई थी ।

कुलपति ने महिला कक्ष की अनुशंसाओं पर निम्नलिखित आदेश दिया था : सुश्री सोमा सरकार महिला कक्ष द्वारा विर्निदिष्ट तारीख एवं समय पर निम्न कार्य करें:

- महिला कक्ष को विभ्रमित करने के लिए लिखित माफी मांगे; एवं
- शाहिद अली एवं डा0 अब्दुल हन्नान से उनके विरूद्ध आधारहीन आरोप मढ़ने के कारण माफी मांगे;
- उन्हें रंगीत गर्ल्स होस्टल के प्रिफेक्टशीप से पद्च्यूत किया जाए:

सुश्री सोमा सरकार ने रंगीत गर्ल्स हॉस्टल के प्रिफेक्टशीप से पद्च्यूत किए जाने का कोई शिकायत नहीं की है, परंतु कुलपति के प्रति एक प्रत्यावेदन दिया जिसमें उल्लेख किया है कि:

i. वह महिला प्रकोष्ठ के निष्कर्षों से असहमत है कि उन्होंने इन्हें विभ्रमित किया है;
ii. उनका विवरण तथ्यों पर आधारित हें कि श्री महबूब ने उनका फोटो उतारा है, जिसके बारे में उन्होंने स्वयं महिला प्रकोष्ठ के समक्ष स्वीकार किया है । यह घटना एन जे पी स्थित करीब 5.00 बजे पूर्वा0 घटी थी । जिसके कारण वह गंगटोक पहूंच सका साथ ही उसी दिन अपनी कक्षाएं भी ले सका, क्योंकि सुबह के समय में गंगटोक पहुंचने में सिर्फ चार घंटे लगते हैं ।
iii. उनके समक्ष समूह एवं वर्ग मित्रों ने उन्हें कहा कि डा0 अब्दुल मन्नान श्री महबूब एवं श्री शाहिद दोनों को उन्हें बदनाम करने तथा उसके चरित्र हनन के लिए मार्गदर्शन के लिए मुख्य कारक रहे हैं, क्योंकि मेरे मित्रों एवं सहपाठियों से उन्होंने उनके बार में जानकारी मांगी थी ।
iv. उन्हें महिला प्रकोष्ठ द्वारा इस मामले के अन्वेषण में अनुसरण की गई पद्धति के विरूद्ध गहरा आक्षेप है, क्योंकि व्यक्तियों के प्रति उचित समय के साथ मानक पद्धति के अनुसार इनके समक्ष साक्ष्य देने के लिए लिखित सूचना नहीं दी गई ।
v. किसी विशिष्ट घटना के संबंध में अन्वेषण करने की अपेक्षा, जिनके लिए परिवाद किया गया था, प्रकोष्ठ इसके पर्याप्त बाहर तथा ऐसे प्रश्न पूछे गए यथा वह कहां गई थी, वह क्यों गई थी, वह कहां ठहरी आदि:

इस प्रकार उन्होंने कुलपति से इस मामले को देखने तथा निर्णय की समीक्षा करने का अनुरोध किया था । इस मामले को शिकायत निवारण कक्ष को अध्यादेश ओ ई 6 के अंतर्गत प्रेषित किया गया था । अध्यादेश के अंतर्गत यथा उपबंधित एक समिति का गठन शिकायत निवारण कक्ष के अंतर्गत किया गया । शिकायत निवारण कक्ष की रिपोर्ट के अनुसार सुश्री वंदना प्रधान, जो कि समिति में सुश्री सोमा सरकार का प्रतिनिधित्व कर रही थी, दावेदार के शिकायत/अभियोजन के समर्थन में कोई तर्क अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रही कि उतारा गया फोओ वास्तविक रूप से विद्यार्थियों में परिचालित किया गया था । चूंकि फोटो परिचालित नहीं किए गए थे, अत: शिकायतकर्ता/अभियोजनकर्ता की यह आशंका कि इसका परिचालन द्वारा उन्हें बदनाम किया गया एवं परिणामस्वरूप उनके चरित्र का हुआ, सिद्ध नहीं किया जा कसता। समिति के सदस्यों की यह यह राय थी कि पत्र संख्या एस यू/2011/आर ई जी -03/सी ई - 23/

जी एस यू - सी एफ - 001/1384/2672 के माध्यम से जारी निर्णय/आदेश प्रतिधारित किया जाए ।

कथित पत्र सुश्री सोमा सरकार के प्रति दिनांक 22 अप्रैल 2014 को कुलपति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर आदेश के आधार पर जारी किया गया था तथा उन्हें निम्न प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था:

(1) महिला प्रकोष्ठ को विभ्रमित करने के एवज में लिखित माफी; एवं

(2) श्री शाहिद अली एवं डा0 अब्दुल हन्नान से उनके विरूद्ध आधारहीन आरोप लगाने के लिए माफीनामा।

इस मामले पर बारीकी से चर्चा की गई । समग्र विचार विमर्श के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए इस मामले पर कुलपति द्वारा उचित निण्रय लिया जाए:

(1) फोटो का उतारा जाना एवं (2)फोटो परिचालित किया जाना

**ई.सी. 20.4.8: कर्मचारियों के लिए लीज र आवास**

इस मद को श्री डी0 कानुनज्ञ सलाहकार (वित्त) द्वारा प्रस्तुत किया गया । उन्होंने परिषद के समक्ष संक्षिप्त परिचय दिया कि इनकी दिनांक 8 दिसम्बर 2013 को आयोजित 18वीं बैठक में उन संवीदा जन्य कर्मचारियों सहित सभी बाह्य स्टेशन कार्मिकों के लिए किराया गत आर्थिक सहायता का अनुमोदन जो कि उचित चयन प्रक्रिया के माध्यम से गुजरे हैं, तब तक के लिए प्रदान किया गया था, जब तक कि विश्वविद्यालय कार्मिकों के लिए स्वयं के आवास व्यवस्था के साथ अपने कैंपस में स्थानांतरित नहीं हो जाता है, तथा यह पति पत्नि में से सिर्फ एक के लिए लागू होगी । निम्नलिखित सदस्यों के साथ एक समिति का गठन उच्चतर सीमा की अनुशंसा करने के लिए गठित की गई थी, जहां तक कि विश्वविद्यालय अपने गंगटोक के बाहर के कर्मचारियों को क्वार्टर के बदले में आवास उपलब्ध करवाने के लिए लीज किराया वहन करेगा :

(1) श्री डी कानुनज्ञ, सलाहकार (वित्त)

(2) डा0 एन सतयनारायण, एसोसिएट प्रोफेसर

(3) डा0 निधि सक्सेना, सहायक प्रोफेसर

(4) सुश्री ग्रेस डिचन चानकपा, सहायक रजिस्ट्रार-संयोजक

समिति ने अपने दिनांक 26 जून 2014 की रिपोर्ट में निम्नलिखित उच्चतर सीमा की अनुशंसा की थी, जहां तक कि विश्वविद्यालय गंगटोक से बाहर के अपने कर्मचारियों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए लीज किराया वहन करेगा

| ग्रेड पे | सीमा, जहां तक कि विश्वविद्यालय एच आर ए के अतरिक्त एवं ऊपर वहन करेगा |
|---|---|
| 10,000 एवं अधिक | ₹6,000 |
| 7,600 से 10,000 तक | ₹5,000 |
| 5,400 से 7,600 तक | ₹ 3,000 |
| 4,200 से 5,400 तक | ₹2,000 |
| 1,900 से 4,200 तक | ₹1,500 |
| 1,900 तक | ₹1,000 |

परिषद ने मामले पर विचार किया एवं चर्चा के बाद इसने समिति की अनुशंसाओं का स्वीकार किया । जहां तक कि पुराने मामलों का संबंध है, परिषद ने विचार विमर्श के बाद

निणर्य लिया कि उन्हें पुरानी दरों पर इसका लाभ दिया जाए । समिति द्वारा अनुशंसित नए स्लैब भविष्यप्रभावी रूप से लागू होंगे ।

**ई.सी. 20.4.9: डा0 निधि सक्सेना, सहायक प्रोफेसर द्वारा रीविक्षा अवधि का समान**

प्रभारी एवं डीन द्वारा संतोषजनक कार्य निष्पादन रिपोर्ट एवं अभ्युक्तियों की दृष्टि से, परिषद ने डा0 निधि सक्सेना, सहायक प्रोफेसर की परीविक्षा को हटाने का निर्णय लिया तथा दिनांक 27.01.2014 से लागू विश्वविद्यालय में उनकी सेवाओं को स्थायी किया गया।

**भाग - 5**

**प्राधिकारी/समितियों के कार्यवृत्त**

**ई.सी. 20.5.1: शैक्षणिक रिषद की दिनांक 13 जून 2014 को आयोजित 15वीं बैठक के कार्यवृत्त**

परिषद ने शैक्षणिक परिषद की दिनांक 13 जून 2014 को आयोजित 15वीं बैठक के कार्यवृत्त (परिशिष्ट - 3) पर विचार किया तथा महाविद्यालय विकास परिषद की दिनांक 30 मई 2014 को आयोजित पहली बैठक के कार्यवृत्त का तथा दिनांक 29 मई 2014 को आयोजित संबद्धता समिति की 2री बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन करते हुए इसका अनुमोदन किया ।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई ।

| | |
|---|---|
| ह0/- | ह0/- |
| (टी.के.कौल) | (प्रो0 टी.बी.सुब्बा) |
| रजिस्ट्रार एवं सचिव | कुलपति एवं अध्यक्ष |

**परिशिष्ठ 1**

# सिक्किम विश्वविद्यालय

**(भारत के संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

एसयू/2014/आर ई जी-03/एस बी/2853/2710 दिनांक 24.04.2014

**अधिसूचना/19/2014**

सिक्किम विश्वविद्यालय अधिनियम की सांविधि 15(2) तथा अध्यादेश शून्य ए 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, कुलपति निम्नलिखित सदस्यों के साथ विश्वविद्यालय के विविध स्कूलों के प्रथम स्कूल बोर्डों का गठन करते हुए हर्ष व्यक्त करते हैं:

**(i) <u>सोशल साइंसेज के स्कूल हेतु स्कूल बोर्ड</u>**

(1) डा0 नवल के पासवान,डीन स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज - अध्यक्ष
(2) स्कूलों में विभागों के प्रमुख/प्रभारीगण - सदस्य
(3) सुश्री सांग्मु थेंडुप, सहायक प्रोफेसर, इतिहास विभाग - सदस्य
(4) श्री विधान गोले, सहायक प्रोफेसर, राजनीतिशास्त्र - सदस्य
(5) डा0 बिनु सुन्दास, सहायक प्रोफेसर, समाज शास्त्र विभाग - सदस्य
(6) डा0 निधि सक्सेना, सहायक प्रोफेसर,विधि विभाग - सदस्य
(7) डा0 सेबेस्टियन एन, सहायक प्रोफेसर,अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग - सदस्य
(8) डा0 रूमा कुंडु, सहायक प्रोफेसर,अर्थशास्त्र विभाग - सदस्य
(9) डा0 साल्विन पॉल, सहायक प्रोफेसर,शांति एवं संघर्ष अध्ययन विभाग - सदस्य
(10) डा0 उत्तम लाल, सहायक प्रोफेसर,भूगोल विभाग - सदस्य
(11) डा0 विवेक तामंग, सहायक प्रोफेसर,वाणिज्य विभाग - सदस्य
(12) प्रो0 सविता पांडे, अध्यक्ष दक्षिण एशियाई अध्ययन,अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल, जेएन दिल्ली - सदस्य
(13) प्रो0 मुश्ताक ए काव, इतिहास का प्रोफेसर, सेंट्रल एशियाई अध्ययन कार्यक्रम, यूनि. ऑफ काश्मीर - सदस्य
(14) प्रो0 मोनीरूल हुसैन, समाजशास्त्र विभाग,गौहाटी विश्वविद्यालय, असम - सदस्य

**(ii) <u>व्यवसायिक अध्ययन के स्कूल हेतु स्कूल बोर्ड</u>**

(1) डा0 ए.एन शंकर, डीन व्यवसायिक अध्ययन स्कूल - अध्यक्ष
(2) स्कूलों में विभागों के प्रमुख/प्रभारीगण - सदस्य
(3) डा0 एस मणिवन्नान, एसोसिएट प्रोफेसार, बागवानी विभाग - सदस्य
(4) श्री वीर मयंक, सहायक प्रोफेसर, विधि विभाग -सदस्य
(5) प्रो0 समिरण घर, वाणिज्य विभाग, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, सिलीगुड़ी - सदस्य
(6) प्रो0 संजय बंधोपाध्याय, अलाउद्दीन खान प्रोफेसर,इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक विभाग, रविंद्र भारती विश्वविद्यालय,कोलकाता - सदस्य
(7) प्रो0 सुनील कुमार दत्ता, जन संचार विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय - सदस्य

**(iii) मानविकी के स्कूल हेतु स्कूल बोर्ड**

(1) डा0 सोहेल फिरदौस, डीन स्कूल ऑफ ह्यूमन साइंसेज - अध्यक्ष
(2) स्कूलों में विभागों के प्रमुख/प्रभारीगण - सदस्य
(3) डा0 नुतन कुमार एस. थिंगुजाम, सहायक प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग - सदस्य
(4) डा0 रफिउल अहमद, सहायक प्रोफेसर, भूगोल विभाग - सदस्य
(5) डा0 मनिष, एसोसएिट प्रोफेसर, अंतर्राष्ट्रीय संबध विभाग - सदस्य
(6) डा0 एन.सत्यनाराण, एसोसिएट प्रोफेसर, बॉटनी विभाग - सदस्य
(7) प्रो0 बरूण मुखोपाध्याय, बायोलॉजिकल एन्थ्रोपोलॉजी यूनिट, भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता - सदस्य
(8) प्रो0 मेत्रेयी चौधुरी, हिमालियन अध्ययन केंद्र, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय सिलीगुड़ी - सदस्य

**(iv) जीव विज्ञान के स्कूल हेतु स्कूल बोर्ड**

(1) डा0 ज्योति प्रकाश तामंग,डीन जीव विज्ञान स्कूल - अध्यक्ष
(2) स्कूलों में विभागों के प्रमुख/प्रभारीगण - सदस्य
(3) डा0 सोहेल फिरदौस, एसोसिएट प्रोफेसर, भूगोल विभाग - सदस्य
(4) डा0 सुबीर मुखोपाध्याय, एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिकी विभाग - सदस्य

(5) डा0 धनीराज छेत्री, एसोसिएट प्रोफेसर,बॉटनी विभाग - सदस्य
(6) डा0 बी.एम तामंग, सहायक प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी विभाग - सदस्य
(7) डा0 सुजाता उपाध्याय, सहायक प्रोफेसर,बागवानी विभाग - सदस्य
(8) प्रो0 डा.डी जे भाग्यराज, एफ एन ए, प्रोफेसर(सेवानिवृत्त) एवं आई एन एस ए वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि माइक्रोबायोलॉजी विभाग, कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय , जी के वी के कैंपस, बंगलोर - सदस्य
(9) प्रो0 डा.एम.के पंडित, पर्यावरण अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय - सदस्य
(10) डा0 मीन बहादुर, प्रमुख एवं एसोसिएट प्रोफेसर, प्राणीशास्त्र विभाग, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय सिलीगुड़ी - सदस्य

**(v) <u>फिजिकल साइंसेज के स्कूल हेतु स्कूल बोर्ड</u>**

(1) डा0 सुबीर मुखोपाध्याय, डीन फिजिकल साइंसेज स्कूल - अध्यक्ष
(2) स्कूलों में विभागों के प्रमुख/प्रभारीगण - सदस्य
(3) डा; अमिताभ भट्टाचार्या, सहायक प्रोफेसर, भौतिकी विभाग - सदस्य
(4) डा0 अजय त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर, भौतिकी विभाग - सदस्य
(5) डा0 सोमेंद्रनाथ चक्रवर्ती, सहायक प्रोफेसर, रसायन विभाग - सदस्य
(6) डा0 निश्चल वंजारी, सहायक प्रोफेसर, भुगर्भ शास्त्र विभाग - सदस्य
(7) सुश्री रेबिका राई, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर एपलिकेशन विभाग - सदस्य
(8) डा0 मंजु राणा, सहायक प्रोफेसर, बागवानी विभाग - सदस्य
(9) डा0 उत्तम लाल सहायक प्रोफेसर, भुगोल विभाग - सदस्य
(10) प्रो0 अरूण चट्टोपाध्याय, रसायनशास्त्र विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी - सदस्य
(11) प्रो0 हिमाद्री मुखर्जी, गणित विभाग, नेहु, शिलांग - सदस्य
(12) प्रो0 सोमेंद्र मोहन भट्टाचार्जी, भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर - सदस्य

**(vi) <u>भाषा एवं साहित्य के स्कूल हेतु स्कूल बोर्ड</u>**

(1) प्रो0 प्रताप सी प्रधान, डीन, भाषा एवं साहित्य स्कूल - अध्यक्ष
(2) स्कूलों में विभागों के प्रमुख/प्रभारीगण - सदस्य
(3) डा0 ए.एन.शंकर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रमुख प्रबंधन विभाग - सदस्य
(4) डा0 सोहेल फिरदौस, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रमुख, भुगोल विभाग - सदस्य
(5) प्रो0 अपर्णा भट्टाचार्या, अंग्रेजी विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय - सदस्य
(6) प्रो0 घनश्याम नेपाल, नेपाली विभाग, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, सिलीगुड़ी, - सदस्य

डीन, विभाग के प्रमुख एवं प्रोफेसर के अतिरिक्त अन्य सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्षों के लिए होगा ।

बोर्ड के कार्य एवं शक्तियां स्कूल बोर्डों पर अध्यादेश में यथानिर्धारित होंगे ।

ह0/-
(टी.के.कौल)
रजिस्ट्रार

वितरण

6) वी सी का पी एस - कुलपति के सूचनार्थ
7) रजिस्ट्रार का पी एस - रजिस्ट्रार के सूचनार्थ
8) सभी संबंधित सदस्यगण
9) कार्यालय प्रति
10) गार्ड फाईल

# सिक्किम एल्यूमिनि एसोसिएशन का नियमन

1. परिभाषाएं:

(क) शासकीय निकाय का अर्थ वह निकाय है, जो विनियमावली के अंतर्गत सोशाइटी के कार्यव्यापार का प्रबंधन करेगा ।

(ख) सदस्य का अर्थ वह व्यक्ति अथवा संस्थान अथवा कार्पोरेट बॉडी है, जो कि सोसाइटी में सदस्य के रूप में नामांकित किए गए हैं ।

(ग) संगठन का ज्ञापन का अर्थ दस्तावेजों के वर्तमान समुच्चय के भाग - 1 के अंतर्गत साथ ही शासकीय निकाय के प्रथम सदस्यों के नाम एवं उद्देश्यों, जो कि इसमें सम्मिलित किए गए हैं, संगठनों का ज्ञापन है ।

(घ) सभापति (अथवा अध्यक्ष अथवा चेयरपर्सन) जेसा कि मामला हो) का अर्थ औपचारिक प्रमुख है,तथा इसमें वह सम्मिलित है, जो कि फिलहाल औपचारिक प्रमुख के रूप में कार्यरत है ।

(ङ) उपसभापति (कार्यकारी अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष अथवा उप चेयरपर्सन जैसा कि मामला हो) का अर्थ उनसे है, जो कि औपचारिक प्रमुख के बाद दूसरा है तथा नियमित औपचारिक प्रमुख की अनुपस्थिति में औपचारिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है ।

(च) विनियमावली का अर्थ वर्तमान दस्तावेज है ।

(छ) सचिव अथवा महासचिव का अर्थ सोसाइटी साथ ही शासकीय निकाय का प्रधान कार्यकारी अधिकारी है ।

(ज) सहायक सचिव का अर्थ नियमित प्रधान कार्यकारी अधिकारी के अनुपलब्ध रहने के मामले में सोसाइटी का प्रधान कार्यकारी अधिकारी है।

(झ) कोषाध्यक्ष का अर्थ वह व्यक्ति है, जो सोसाइटी की निधियों के प्रबंधन का उस सीमा तक पर्यवेक्षण करेगा, जहां तक कि उसे शासकीय निकाय द्वारा शक्तिसंपन्न किया जाता है ।

2. शासकीय निकाय

**2.1 शासकीय निकाय का संगठन**

शासकीय निकाय में न्यूनतम 7 सदस्य होंगे ।कार्यालय कार्यपालकों में सभापति (अथवा अध्यक्ष अथवा चेयरपर्सन) उपसभापति (अथवा कार्यकारी सभापतिगण अथवा उप सभापति अथवा उप चेयरपर्सन), सचिव (महासचिव), सहायक सचिव एवं कोषाध्यक्ष सम्मिलित होंगे। शेष व्यक्तिगण शासकीय निकाय के सदस्य होंगे ।

**2.2 चुनाव अथवा नियुक्ति का तरीका:**

शासकीय निकाय के सदस्यों का चुनाव आम सदस्यों द्वारा प्रत्येक तीन वर्ष (अथवा वर्ष के विशिष्ट संख्या के नियमित अंतराल पर) आयोजित वार्षिक सभा में किया जाएगा । कार्यालय कार्यपालकों के पद की संख्या के बराबर समान संख्या में निर्वाचित सदस्यगणों को वार्षिक आम सभा में अथवा नव निर्वाचित सदस्यों के शासकीय निकाय की प्रथम बैठक में विभिन्न कार्यपालक पदों पर नियुक्त किया जाएगा ।

शासकीय निकाय के किसी सदस्य को स्वत: अनुप्रयुक्त तरीके से हटाया जाएगा, यदि संबंधित सदस्य अपने कार्यव्ययवहार के कारण अयोग्य ठहराए जाते हैं ।

शासकीय निकाय के किसी सदस्य को ऐसी समाज विरोधी गतिविधियों के कारण भी हटाया जा सकता है, जो कि सोशाइटी के हित के प्रति प्रतिकूल प्रभावी हो, यद्यपि, ऐसे मामले में, संबंधित सदस्य को कारण बताओ नोटिस आदि जारी करके अपने बचाव के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाएगा । कारण बताओं नोटिस का प्रत्युत्तर इसकी प्राप्ति के तीन सप्ताह के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाएगा । तथा इसका परीक्षण शासकीय निकाय द्वारा किया जाएगा । यदि सदस्य तीन सप्ताह के अंतर्गत प्रत्युत्तर देने में असमर्थ रहता है, तो शासकीय निकाय सदस्य की समाज विरोधी गतिविधियों के साक्ष्य की पर्याप्तता के संबंध में अभिलेखों तथा कागजातों का परीक्षण करेगा । संबंधित सदस्य के हटाए जाने के बारे में शासकीय निकाय का निर्णय उसपर बाध्यकर होगा । यद्यपि, शासकीय निकाय द्वारा सदस्य के हटाए जाने को बाद में वापस किए जाने के मामले में कोई परिणामिक क्षति अथवा हानि नहीं होने दिया जाएगा ।

**2.3 शासकीय निकाय के सदस्यों, सभाति, सचिव एवं अन्य अधिकारियों का कार्यकाल:**

कार्यालय का कार्यकाल 3 वर्ष (अथवा वर्ष की वह संख्या, जो कि निर्धारित किया जाए) तथा उपरोक्त 2.2 के समनुरूप होगा ।

पुराना शासकीय निकाय अपना प्रभार नव निर्वाचित शासकीय निकाय को चुनाव की तारीख से 30 दिनों के अंतर्गत सौंप देगा ।

## 3. <u>सदस्यता</u>

### 3.1 सदस्यता के प्रति नामांकन:

कोई भी व्यक्ति कृत्रिमन्यायायिक व्यक्ति सहित, जो किसी लिंग, जाति अथवा धर्म के होते हुए भी करार में प्रविष्टि होने के योग्य हैं, सोशाइटी के एक सदस्य के रूप में नामांकित किए जा सकते हैं , वशर्ते कि वह संगठन के ज्ञापन एवं सोशाइटी की विनियमावली के अंतर्गत मार्गदर्शित होने के लिए सहमत होते / होती हैं ।
शासकीय निकाय यह संतुष्टि कर लेगा कि नामांकित सदस्य की संगठन के उद्देश्यों की अभिवृद्धि में अभिरूचि है तथा इसके द्वारा शासकीय निकाय किसी भी व्यक्ति को सदस्य के रूप में नामांकित करने अथवा नहीं करने के लिए अंतिम प्राधिकार होगा ।

उपरोक्त शासकीय निकाय के प्रथम सदस्यों पर लागू नहीं होगा, क्योंकि सोशाइटी के पंजीकरण के दौरान सोशाइटी और जब तक कि नए सदस्यों को नामांकित नहीं किया जाता है, एक मात्र सदस्यगण होते हैं ।

3.2 सदस्यां का पदत्याग एवं हटाया जाना अथवा सदस्यता की स्वत: समाप्ति :
शासकीय निकाय के सदस्यों पर यथा लागू पैरा 2.2 सोशाइटी के सभी सदस्यों पर लागू होगा ।

3.3 सदस्यों के वर्ग:

(क) **व्यक्तिगत सदस्य:** उपरोक्त पैरा 3.1 के अनुसार सोशाइटी का एक सदस्य होने के लिए योग्य कोई व्यक्ति निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक का एक व्यक्तिगत सदस्य कहलाएगा, अर्थात:

(i) साधारण सदस्य: सोशाइटी द्वारा समय समय पर यथा निर्धारित साधारण सदस्यता शुल्क का भुगतान करके, तथा वोट देने के अधिकार का उपभोग करके:

(ii) मानद सदस्य: वोटिंग अधिकार के वगैर सम्मान अथवा आदर हेतु प्रस्तावित सदस्यता को स्वीकार करके

(iii) एसोसिएट सदस्य: आवधिक वांछनीय शुल्क का भुगतान करके, जो कि सोशाइटी द्वारा समय समय पर निर्धारित किया जाता है, वोटिंग अधिकार के बगैर किन्हीं सेवाओं के उपभोग हेतु स्वयं को योग्य बनाने पर

(iv) जीवन पर्यन्त सदस्य: सोसाइटी द्वारा समय समय पर यथानिर्धारित जीवनपर्यन्त सदस्यता शुल्क का भुगतान करके, तथा वोटिंग अधिकार का उपभोग करके

(ख) संस्थानिक (अथवा कारपोरेट) सदस्य: सोसाइटी के उद्देश्यों की अभिवृद्धि एवं प्रगति से अभिरूचि रखने वाला कोई कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति अथवा निकाय कार्पोरेट संस्थानिक (अथवा कारपोरेट) सदस्य सोसाइटी द्वारा समय समय पर यथानिर्धारित ऐसे सदसयता शुल्क का भुगतान करके बन सकता है । मकुख्य कार्यकारी अथवा संबंधित सोसाइटी द्वारा यथा नामित कोई अन्य अधिकारी सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करेगा तथा सोसाइटी के पक्ष में वोट करने के अधिकार का उपभोग करेगा ।

3.4 सदस्यों के अधिकारी एवं कर्तव्य:

(क) सोसाइटी के निर्वाचन में वोट कर सकता है, अथवा निर्वाचित हो सकता है । (यदि सदस्य वोटंग का अधिकार रखता है )

(ख) सोसाइटी के सुधार हेतु तरीके का सुझाव कर सकता है ।

(ग) पूर्व अनुमति द्वारा लेखाओं अथवा कार्यवाहियों की परीक्षा कर सकता है

(घ) सदस्यता से संबंधित सभी देयता का समय से निपटान कर सकता है ।

(ङ) स्व महत्व को रख सकता है तथा सोसाइटी के उच्च महत्व को धारित कर सकता है ।

## 4. <u>सदस्यों के रजिस्ट्रार का अनुरक्षण तथा सदस्यों द्वारा इनकी निरीक्षण हेतु सुविधाएं:</u>

सोसाइटी सदस्यों के रजिस्टर का अनुरक्षण करेगा, तथा कोई सदस्य इस रजिस्टर की मांग कर सकता है, तथा पंजीकृत कार्यालय में निर्धारित तारीख एवं समय पर उनके निरीक्षण हेतु रजिस्टर को खोला जाएगा ।

5. <u>सोसाइटी की संपत्ति का सुरक्षित अभिरक्षण , सोसाइटी के धन के रखरखाव एवं निदेश सहित:</u>

(क) सोसाइटी की संपत्ति शासकीय निकाय में निहित मानी जाएगी एवं शासकीय निकाय इसके कार्यव्यवहार का उचित प्रबंधन करेगा ।

(ख) सोसाइटी की निधियां एवं धन बैंक डाकर घर अथवा अन्य संस्थानों में रखे अथवा निवेशित किए जाएंगे, जैसा कि सोसाइटी के शासकीय निकाय द्वारा समय समय पर सोसाइटी के सर्वोत्तम हित में निर्णय लिया जाता है ।

(ग) ऐसी वित्तीय लेखाओं का प्रचालन सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा ।

6. <u>बैठक में निर्वाचन :</u>

6.1 बैठकों के वर्ग एवं बैठकों का आयोजन

(क) **शासकीय निकाय बैठक:** शासकीय निकाय की कम से कम एक बैठक एक वर्ष में आयोजित की जाएगी । सदस्यों में से 50% से अधिक शासकीय निकाय को बैठक में बुलाने की स्थिति में होंगे, जो कि सचिव द्वारा 7 दिनों के अंतर्गत आयोजित की जाएगा, यदि ऐसा नहीं हुआ तो मांगकर्तागण स्वयं ऐसी बैठक का आयोजन करेंगे तथा बैठक के निर्णय शासकीय निकाय पर बाध्यकर होंगे ।

(ख) **वार्षिक आम सभा:** वार्षिक आम सभा का आयोजन सचिव द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाएगा । बैठक की कार्यसूची में (i) गत वार्षिक आम सभा कि कार्यवाहियों की पुष्टि (ii) सोसाइटी की गतिविधि पर वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकार्यता (iii) तत्काल बीते लेखांकन वर्ष की लेखापरीक्षा कृत्य लेखाओं की स्वीकार्यता, (iv) कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय एवं (v) निर्वाचन यदि लागू हो, सम्मिलित होंगे।

(ग) **असाधारण आमसभा:** शासकीय निकाय, यदि भविष्य में अगली वार्षिक आमसभा आयोजन नहीं हो, तो एक असाधारण आमसभा का आयोजन करेगा, जिसमें ऐसे मुद्दे उठाए जाएंगे जो कि आम सदस्यों की भागीदारी की अपेक्षा रखता है, यथा सांविधिक संकट का निपटारा ऐसे विषयों का निपटारा, जो कि सोसाइटी के हित के प्रति हानि

कर सकता है, सहयोजन के ज्ञापन अथवा सोसाइटी की विनियमावली आदि में वांछित कोई परिवर्तन अथवा संशोधन आदि।

(घ) **मांग र विशेष आमसभा**: वोटिंग अधिकार प्राप्त कुल सदस्यों में से दो तिहाई से अधिक ऐसी बैठक की मांग कर सकते हैं । शासकीय निकाय ऐसी बैठक का आयोजन मांग की तारीख से 4 सप्ताह के अंतर्गत करेगा । शासकीय निकाय द्वारा ऐसी बैठक के आयोजन नहीं करने के मामले में, मांगकर्तागण स्वयं से बैठक आहूत करेंगे तथा बैठक में लिए गए निर्णय सोसाइटी के लिए बाध्यकारी होंगे ।

6.2 कोरम:
व्यक्तिगत रूप से उपस्थित एक तिहाई सदस्यगण उपरोक्त 6.1 के अंतर्गत वर्णित सभी चार वर्गों की बैठकों के लिए कोरम का गठन करेंगे ।

6.3 निर्वाचन की विधि:
वार्षिक आम सभा में चुनाव हेतु वोटिंग के मामले में बैठक का अध्यक्ष वोटिंग की विधि के बारे में एवं चुनाव के तरीकों को स्पष्ट करेंगे । अन्य बैठकों के मामले में वोटिंग तभी लागू होगा, जब निर्णय प्रक्रिया के किसी मुद्दे में बराबरी का मत होता है । संबंधित बैठकों के अध्यक्ष को इन बैठकों में एक वोट देने का अधिकार होगा ।

6.4सूचना की अवधि:

(क) शासकीय निकाय की बैठक के लिए 7 दिनों की सूचना की आवश्यकता होगी, जिसमें स्थान, तारीख एवं विचारार्थ मदों की जानकारी होगी। अचानक बैठक के मामले में यदि सदस्यों द्वारा पारस्परिक सहमति व्यक्त की गई हो, किसी सूचना की आवश्यकता नहीं होगी।

(ख) वार्षिक आम सभा हेतु 21 दिनों की सूचना की आवश्यकता होगी जिसमें बैठक हेतु स्थान, तारीख, समय की जानकारी होगी ।

(ग) असाधारण आम सभा के लिए 14 दिनों की सूचना की आवश्यकता होगी, जिसमें बैठक हेतु स्थान, तारीख एवं समय की जानकारी होगी ।

(घ) विशेष आम सभा हेतु 7 दिनों की सूचना की आवश्यकता होगी, जिसमें बैठक हेतु स्थान, तारीख एवं समय की जानकारी होगी।

6.5प्रॉक्सी:

किसी निर्वाचन में प्रॉक्सी स्वीकार्य नहीं होगी ।

6.6बैठक की सामान्य पद्धति:(

बैठक के सभी वर्गों की अध्यक्षता सोसाइटी के सभापति (अथवा अध्यक्ष अथवा चेयर पर्सन) एवं उनकी अनुपस्थिति में सोसाइटी के उपसभापति अथवा इस प्रकार निर्वाचित किसी अन्य व्यक्ति द्वारा की जाएगी । अध्यक्ष के कास्टिंग वोट के साथ बहुसंख्यक निर्णय की मान्यता होगी, यदि आवश्यक हो ।

7. लेखाओं का अनुरक्षण एवं लेखापरीक्षा :

7.1 संगठन के सभी व्यय की लेखाओं का अनुरक्षण एवं लेखा परीक्षा आवधिक रूप से की जाएगी ।

**7.2 लेखांकन वर्ष:**

सोसाइटी का लेखांकन वर्ष, वर्ष के 1 अप्रैल से आरंभ होकर अगले वर्ष के 31 मार्च को समाप्त होने वाला वित्तीय वर्ष होगा ।

**7.3 लेखा □रीक्षक:**

लेखाओं का लेखा परीक्षा किसी अर्हताप्राप्त लेखापरीक्षक द्वारा की जाएगी ।

**7.4 लेखा □ंजिकाएं तथा इनका निरीक्षण:**

लेखा पंजिकाएं एवं अन्य सांविधिक पंजियां पंजीकृत कार्यालय में रखी जाएंगी तथा किसी भी सदस्य द्वारा लिखित अनुरोध पर निर्धारित तारीख एवं समय पर निरीक्षण हेतु खुली रहेंगी ।

**8. <u>बैठक की कार्यवाहियां एवं उनका निरीक्षण</u>**

बैठक की कार्यवाहियों का जिल्दबंद रजिस्टरों में सावधानीपूर्वक कार्यवृत्त तैयार की जाएगी, जिसका अनुरक्षण बैठकों के प्रत्येक वर्ग के लिए अलग अलग किया जाएगा तथा इन्हें सोसाइटी के पंजीकृत कार्यालय में रखा जाएगा । सभी कार्यवाहियों पर बैठकों के संबंधित अध्यक्ष द्वारा

प्रति हस्ताक्षर किया जाएगा । ये कार्यवाहियां किसी भी सदस्य द्वारा लिखित अनुरोध पर निर्धारित तारीख एवं समय पर निरीक्षण हेतु खुलीरहेंगी ।

**9. <u>शासकीय निकाय की शक्ति एवं कर्तव्य:</u>**

शासकीय निकाय को सोसाइटी के कार्य व्यवहार का प्रभावकारी प्रबंधन के लिए निम्नलिखित शक्ति एवं कर्तव्य होंगे:

(क) सोसाइटी के कर्मचारियों का ऐसी शर्तों एवं निबंधनों पर नियुक्त करना, जैसा कि शासकीय निकाय द्वारा निर्धारण किया जाता है ।

(ख) सोसाइटी के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विशिष्ट उद्देश्य के लिए उपसमितियों का गठन करना

(ग) सोसाइटी की संपत्ति का सोसाइटी के सर्वोत्तम हित में व्यवहार करना

(घ) दान एवं प्रतिदान के माध्यम से निधि सृजित करना तथा सोसाइटी के नाम में चल एवं अचल दोनों प्रकार की संपत्तियों का अर्जन करना, ताकि सोसाइटी के अस्तित्व एवं गतिविधियों की निरंतरता कायम रखी जा सके ।

(ङ) सोसाइटी की निधियों एवं नकदी परिसंपत्तियों संभवता प्रबंधन करना ।

(च) सदस्यों की शिकायतों पर उच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए ध्यान देना

(छ) सोसायटी के सभी सांविधिक वांछनीयता के प्रति कर्तव्यनिष्ठ एवं जागरूक बना रहना

(ज) उन सभी कार्य व्यापारों का लेन देन करना, जो की विभिन्न परिस्थितियों में उपस्थित हो सकताहै ।

10. कार्यपालकों का कर्तव्य:

10.1 सभापति/अध्यक्ष/चेयर पर्सन

(क) सोसाइटी के औपचारिक प्रमुख के रूप में कार्य करना

(ख) सभी बैठकों की अध्यक्षता करना

(ग) शासकीय निकाय के परामर्श के साथ सभी अनुशासनिक कार्रवाईयों के मामले में कार्य करना

(घ) सचिव एवं अन्य कार्यपालकों को दल के नायक के रूप में सलाह देना

(ङ) आकस्मिक बैठकें आहूत करना

(च) विशेष मामलों पर बुद्धिमता एवं सम्मान के साथ निर्णय करना

**10.2 उ□सभा□ति**

सभापति की अनुपस्थिति में उपरोक्त 10.1 में सभापति के लिए वर्णित सभी कर्तव्य उपसभापति हेतु लागू होंगे ।

**10.3 सचिव**

(क) सोसाइटी की सभी बैठकों का आयोजन करना

(ख) कार्यवृत्त पुस्तिकाओं का उचित ढंग से अनुरक्षण करना

(ग) सदस्यता प्रस्तावों पर कार्य करना तथा इन्हें शासकीय निकाय के समक्ष प्रस्तुत करना

(घ) सूचनाएं एवं परिपत्र जारी करना

(ङ) भुगतान आदेश एवं प्रति हस्ताक्षर प्राप्तियां जारी करना

(च) सांविधिक अनिवार्यताओं के सभी मामलों में सभापति की सहायता करना

(छ) लेखाओं का अनुरक्षण करना तथा कोषाध्यक्ष की सहायता से लेखा परीक्षा की व्यवस्था करना

(ज) सभी सांविधिक एवं विशेष मामलों पर प्रभावकारी व्यवहार सुनिश्चित करना

(झ) शासकीय निकाय के संपर्क में रहना तथा एक पक्षीय निर्णय नहीं लेना

**10.4 सहायक सचिव**

सचिव की अनुपस्थित में उपरोक्त 10.3 के अंतर्गत वर्णित सचिव के सभी कर्तव्य सहायक सचिव को लागू होंगे ।

**10.5 कोषाध्यक्ष**

(क) सभी प्राप्तियों, यथा अंशदान, प्रतिदान, अनुदान एवं कोई अन्य जमा तथा वर्तमान प्राप्तियां, साथ ही पूंजी एवं राजस्व भुगतानों की प्रकृति के सभी भुगतानों का लेखक रखना।

(ख) रोकड़ पंजिका, लेजर एवं अन्य लेखा बहियों का अनुरक्षण करना

(ग) सोसाइटी की निधियों की योजना तथा वार्षिक बजट तैयार करना

(घ) सोसाइटी के बैंक अकाउंट्स के संबंध में सचिव के साथ सह-हस्ताक्षरकर्ता के रूप में कार्य करना

(ङ) वित्त के संबंध में सभी अन्य कार्यों का निर्वहन करना, जैसा कि उन्हें प्रत्यायोजित किया जाता है।

**11. संगठन के ज्ञा�न एवं सोसाइटी की विनियमावली में �रिवर्तन:**

जब कभी ज्ञापन अथवा विनियमावली के किसी अंश में फेरबदल संशोधन,विलोपन अथवा संयोजन आदि कार्य किया जाएगा तो धारा 8 एवं 9 के प्रावधानों का अनुपालन किया जाएगा । शासकीय निकाय आम निकाय के अनुमोदन की शर्त पर इस विषय पर कार्य करने के लिए प्राधिकृत होगा ।

**12. किसी अन्य सोसाइटी के साथ सम्मिलन:**

सोसाइटी द्वारा भविष्य में किसी अन्य सोसाइटी के साथ किसी उद्देश्य की संयुक्त रुप से पूर्ति हेतु सम्मेलन हेतु इच्छा रखने के मामले में, शासकीय निकाय आम निकाय के अनुमोदन की शर्त पर इस विषय पर कार्य करने के लिए प्राधिकृत होगा ।

**13. सोसाइटी के नाम का प्रमुखता के साथ प्रदर्शन**

सोसाइटी पंजीकृत कार्यालय के बाहर एवं ऐसे सभी स्थानों पर, जहां कहीं भी सोसाइटी का कार्य व्यापार चलाया जाता है, अपने नामों का प्रदर्शन करेगा । यह भी कि सोसाइटी के पास अपना एक मोहर होगा जिस पर इसका नाम उकेरा गया होगा ।सोसाइटी द्वारा क्रियान्वित सभी कागजातों पर सोसाइटी का नाम उल्लेखित होगा ।

**14. मुकदमा एवं विधिक कार्यवाहियां**

